# University in News on 22 December 2020

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## पीजी प्रवेश की दूसरी आवंटन सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत दूसरी आवंटन और अपग्रेडेशन रिजल्ट सोमवार को जारी कर दी गई। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों के लॉग इन मे रिजल्ट दे दिया गया है। इसके आधार पर वे फीस जमा कर सकते हैं।

NBT PAGE 4

## बीएड काउंसलिंग 24 से कॉलेज लेंगे सीधे दाखिले

■ **एनबीटी, लखनऊ:** प्रदेश भर में बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित पूल काउंसलिंग सोमवार को समाप्त हो गई। इसमें 9341 अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित किए गए। अभी भी तकरीबन 1,40,000 सीटें खाली हैं। इन सीटों पर अब कॉलेज अपने स्तर पर सीधे दाखिले लेंगे। काउंसलिंग की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि सीधे दाखिले की प्रक्रिया अब 24 दिसंबर से शुरू होगी।

HINDUSTAN PAGE 5

## बीएड में 24 से कर सकेंगे सीधे दाखिले

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश के बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित पूल काउंसलिंग की प्रक्रिया सोमवार को पूरी हो गई।

9341 अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित किए गए हैं। इसके बाद भी करीब 1,40,000 सीटें अभी खाली हैं। इन खाली सीटों पर अब कॉलेज के स्तर पर सीधे दाखिले के लिए जाएंगे। प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि सीधे दाखिले की प्रक्रिया अब 24 दिसंबर से शुरू होगी।

i-NEXT PAGE 4

## राजभवन और एलयू के बीच होगा मैच

**LUCKNOW (21 Dec inext):** राजभवन में 21 से 27 दिसंबर तक स्पोर्ट्स वीक का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान वीसी 11 और गवर्नर 11 के बीच क्रिकेट और वॉलीबॉल मैच खेला जाएगा. इसे लेकर एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने अपनी क्रिकेट टीम के साथ अभ्यास किया. यूनिवर्सिटी की क्रिकेट टीम का कप्तान वीसी प्रो. आलोक कुमार राय को बनाया गया है. वे टीम के साथ प्रैक्टिस भी खूब कर रहे हैं. वॉलीबॉल की टीम भी मैच के लिए लगातार प्रैक्टिस कर रही है. यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स पर्सन चेयरमैन नीरज जैन ने बताया कि मैचों को लेकर प्रैक्टिस तेजी से चल रही है.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

## बीएड पूल काउंसिलिंग का परिणाम घोषित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विगत अगस्त माह में आयोजित की गयी उ.प्र. संयुक्त प्रवेश.परीक्षा बीएड-2020-22 की पूल काउन्सिलिंग के सीट आबंटन का परिणाम आज घोषित किया गया। पूल काउन्सिलिंग हेतु कुल 9960 अभ्यर्थियों ने आनलाइन पंजीकरण कराया व 9880 अभ्यर्थियों ने अपने विकल्प प्रस्तुत किये। इनमें से 9341 अभ्यर्थियों को उनके वाँछित बीएड महाविद्यालयों में सीट आबंटित हुई। इसमें सामान्य श्रेणी की 9312 व आर्थिक रुप से पिछडा. वर्ग इडब्लूएस के 29 अभ्यर्थियों को विभिन्न बीएड महाविद्यालयों में सीटें आबंटित हुईं। प्रो. अमिता बाजपेयी, राज्य-समन्वयक, संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड.2020.22 ने अवगत कराया है कि 24 दिसम्बर 2020 से महाविद्यालय स्तर से सीधे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। काउंसलिंग का यह अंतिम चक्र महाविद्यालय स्तर पर केवल बीएड काउन्सिलिंग पोर्टल के द्वारा ही किया जायेगा। काउंसलिंग के इस चक्र में केवल वैध स्टेट.रैंक धारक अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकते हैं। इस काउंसलिंग में केवल वही अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं जिन्होंनि मुख्य काउन्सिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है अथवा मुख्य काउंसलिंग अथवा पूल काउंसलिंग में प्रतिभाग किया था, किन्तु उन्हें कोई सीट आबंटित नहीं हो सकी है। अभ्यर्थी को रुपये 750 मात्र का नॉन रिफंडेबल केवल ऑनलाइन मोड नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से का काउंसलिंग शुल्क जमा करना होगा। महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अभ्यर्थी के विवरण को सत्यापित करेगा और नियमों के अनुसार अभ्यर्थी को सीधे प्रवेश देगा। शुल्क महाविद्यालय स्तर पर जमा किया जाएगा।

JAGRAN CITY PAGE III

## 9,341 अभ्यर्थियों को बीएड में सीटें आवंटित

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड की पूल काउंसिलिंग के सीट आवंटन का परिणाम घोषित कर दिया गया। पूल काउंसिलिंग के लिए कुल 9,960 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। जबकि 9,880 अभ्यर्थियों ने अपने विकल्प प्रस्तुत किये। इनमें से 9,341 अभ्यर्थियों को महाविद्यालयों में सीटें आवंटित की गईं। इनमें सामान्य श्रेणी की 9312 व आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के 29 अभ्यर्थी हैं।

लविवि की प्रो. अमिता बाजपेयी बताया कि 24 दिसंबर से महाविद्यालय स्तर से सीधे प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। इस अंतिम चरण में महाविद्यालय स्तर पर केवल पोर्टल के जरिये ही काउंसिलिंग की जा रही है। इसमें केवल वैध स्टेट-रैंक धारक अभ्यर्थी ही शामिल हो सकते हैं। इस काउंसलिंग में केवल वही अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं, जिन्होंने मुख्य काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है अथवा मुख्य काउंसिलिंग या पूल काउंसिलिंग में प्रतिभाग किया था, किन्तु उन्हें कोई सीट आवंटित नहीं हो सकी। अभ्यर्थी को 750 रुपये का नॉन रिफंडेबल केवल ऑनलाइन मोड (नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) का काउंसिलिंग शुल्क जमा करना होगा। महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अभ्यर्थी के विवरण को सत्यापित करेगा और नियमों के अनुसार अभ्यर्थी को सीधे प्रवेश देगा। शुल्क महाविद्यालय स्तर पर जमा किया जाएगा।

## दूसरे चरण का परिणाम लॉगइन पर उपलब्ध

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में विषयों की प्रवेश परीक्षा के बाद दूसरा सीट आवंटन का परिणाम उम्मीदवार विद्यार्थियों की लॉगइन पर उपलब्ध है। जिन्हें सीटें आवंटित की गई हैं, वे अपनी फीस अनलॉक पोर्टल के जरिये जमा कर सकते हैं। सीटों को योग्यता, पसंद और उपलब्धता के आधार पर आवंटन किया गया है।

**इन विषयों में सीटें आवंटित:** स्नातक - पुस्तकालय विज्ञान, एलएलबी, एलएलएम, एमए- अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, पत्रकारिता और जनसंचार, मध्यकालीन और आधुनिक भारतीय इतिहास, पश्चिमी इतिहास, समग्र इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, सार्वजनिक नीति और शासन, समाजशास्त्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य में मास्टर (सामुदायिक चिकित्सा), सामाजिक कार्य में परास्नातक, व्यावहारिक अर्थशास्त्र, व्यापार, एमएससी - अनुप्रयुक्त भूविज्ञान, जीव रसायन, बायोटेक, वनस्पति विज्ञान, कीटाणु-विज्ञान, पादप विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान, फार्मास्युटिकल रसायन शास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान, भूगर्भशास्त्र, भौतिक विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा, प्राणि विज्ञान। एमए/एमएससी फॉरेंसिक साइंस, एमवीए एप्लाइड आर्ट, पेंटिंग, मूर्तिकला।

## कानपुर विवि के चार जिलों के कॉलेज अब लविवि से संबद्ध

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर से जुड़े चार जिलों की संबद्धता अब लविवि से हो गई है। ये जिले रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर और सीतापुर हैं। इन जिलों के नए और बीएड कॉलेजों को खोले जाने व महाविद्यालयों में विषयों की संबद्धता को लेकर ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। आवेदन 31 दिसंबर तक किए जा सकते हैं। अब लविवि के कॉलेजों की संख्या 160 से बढ़कर 650 हो गई। 17 नवंबर को इस आशय का आदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिया गया था। इसलिए आगामी शिक्षा सत्र में अनापत्ति एवं संबद्धता के



प्रस्तावों के लिए ऑनलाइन निस्तारण किया जाएगा। इसकी एनओसी के लिए वेबसाइट https://henoc.upsdc.gov.in पर आवेदन करने होंगे। लविवि के उप कुलसचिव वीपी कौशल ने बताया कि सभी जिलों के कॉलेजों को निर्देशित किया है कि वे 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर उसका प्रिंट आउट विश्वविद्यालय को उपलब्ध करवा दें।

## लविवि कुलपति निखार रहे अपनी बल्लेबाजी

**जासं, लखनऊ :** लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय इन दिनों विश्वविद्यालय के मैदान में बल्लेबाजी के गुर को निखार रहे हैं। राजभवन में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। वॉलीबाल और क्रिकेट के मुकाबले लविवि और राजभवन की टीमों के बीच खेले जाएंगे। 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक क्रीड़ा सप्ताह समारोह का आयोजन होगा। प्रो. आलोक कुमार और उनकी टीम इन दिनों मैच की तैयारियों में जुटी है, जिसमें कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय भी शामिल हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक मैचों की तारीख तय नहीं



प्रो. आलोक कुमार राय ● जागरण

है, मगर मैच की तैयारियां की जा रही हैं। क्रिकेट टीम में प्रो. आलोक कुमार राय (कप्तान), प्रो. अरविंद मोहन, प्रो. राजीव मनोहर, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अनित्य गौरव, डॉ. पुनीत मिश्रा, विद्यानंद त्रिपाठी, महेश चंद्र शुक्ला, उदयन तिवारी, नीरज पांडे, अभिषेक पाल, पिंकू, डॉ. गणेश शंकर पांडे, प्रो. अवधेश त्रिपाठी, प्रो. राममिलन, डॉ. अवधेश कुमार शुक्ला, राजीव, विपुल, एपी बाजपेयी प्रतिभाग करेंगे।

**वॉलीबाल टीम:** टीम में प्रो. ध्रुव सेन सिंह (कप्तान), डॉ. नागेंद्र मौर्य, डॉ. करुणा शंकर, डॉ. अवधेश कुमार शुक्ला, अभिज्ञान ऐश्वर्या मिश्रा, राकेश चंद्र राय, आदित्य प्रताप यादव, राकेश मिश्रा, सुबोध तिवारी, परमेंद्र मिश्रा, हिमांशु सिंह, शेर बहादुर थापा, मोहम्मद वसीम, रणधीर, सिंह, प्रो. तृप्ता त्रिवेदी (मैनेजर) कोच डॉक्टर अल्पना बाजपेयी शामिल हैं।

## आज तय होगी प्रश्नपत्र बनाने की जिम्मेदारी

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लविवि में समाजशास्त्र विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में तय किया जाएगा कि परीक्षाओं को लेकर प्रश्नपत्र कौन से अध्यापक बनाएंगे। यहां संयोजक डीआर साहू ने कुछ समय पहले विरोध के बावजूद दो अध्यापिकाओं को बिना प्रक्रिया का पालन किए ही प्रश्नपत्र बनाने के लिए कहा था, पर दोनों ने मना कर दिया था। इसके बाद 19 दिसंबर को विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश शुक्ल ने इस संबंध में बैठक की, जिसमें 22 दिसंबर को नए सिरे से बैठक बुलाने का फैसला किया गया है।

PIONEER PAGE 4

## चार जिलों में नए महाविद्यालय खोलने व कोर्स शुरू करने के आवेदन एलयू में होंगे

लखनऊ। सीमा विस्तार का शासन स्तर पर नोटिफिकेशन होने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने अधीन आने वाले 4 जिलों रायबरेली सीतापुर हरदोई लखीमपुर खीरी मैं नए महाविद्यालय खोलने व महाविद्यालयों की तरफसे नए कोर्स संचालित करने के लिए आवेदन विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव बीपी कौशल के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि बीएड के अतिरिक्त नए महाविद्यालय खोलने व नए कोर्स के संचालन को लेकर महाविद्यालय 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।